# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 20/06/2020 को सम्पन्न 10वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजीव त्रिपाठी<br>निदेशक, एम0एन0आई0टी0, प्रयागराज।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल<br>उपनिदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | श्री प्रदीप मिश्रा<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | श्री दिनेश अग्रवाल<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉं तल, एडरंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोएडा।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | प्रो0 तपोव्रत लहरी<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | प्रो0 योगेश जोशी<br>आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | श्री अवध किशोर<br>उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | श्री अजय जौहरी,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12. | डा0 अनिल मिश्रा<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 13. | श्री अनिल कुमार<br>समन्वयक<br>एस0पी0एफ0यू0 लखनऊ। | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 14. | **श्री राजेश सिंह,**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 15. | **डा0 नीरज कुमार सिंह,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सचिव |

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके: ,

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 मनोज कुलश्रेष्ठ**<br>प्रति–कुलपति<br>छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द प्रावि0 विश्वविद्यालय<br>पोस्ट–नेवइ, भिलाई, दुर्ग (छत्तीसगढ़)–491107<br>(ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |

कार्य परिषद् के सचिव द्वारा कोविड–19 के कारण वीडियो कान्फेन्सिंग से हो रही परिषद् बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं परिचयोपरान्त अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**10.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 05/03/2020 को सम्पन्न नवम् बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 05/03/2020 को सम्पन्न कार्य परिषद् की नवम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**10.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 05/03/2020 को सम्पन्न नवम् बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने 05/03/2020 को सम्पन्न नवम बैठक में लिए गये निर्णयों कृत कार्यवाही के 9.02 के अन्तर्गत मद सं0 8.02.2 पर सभी निर्माण इकाईयों से किये गये एम0ओ0यू0 के सम्बन्ध में मद सं0 9.04 पर हुये निर्णयानुसार कार्यवाही न सम्पन्न होने पर असन्तोष व्यक्त किया। वीडियो कान्फेन्सिंग से सम्पन्न हो रही परिषद् बैठक में आई तकनीकी खामियों के कारण कृत कार्यवाहियों को आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश परिषद् ने दिये।

**10.03 विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 10.06.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय वित्त समिति की दिनांक 10/06/2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**10.04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 05/06/2020 को सम्पन्न सप्तम बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय विद्या परिषद् की दिनांक 05/06/2020 को सम्पन्न सप्तम बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**10.05 विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रगति आख्या के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की वर्तमान प्रगति आख्या से संज्ञानित होते हुये संतोष व्यक्त किया।



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

**10.06 विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III के सुचारू संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों को परिषद के संज्ञानार्थ एवं कार्येत्तर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना **TEQIP-III** के सुचारू संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों को संज्ञान में लेते हुये कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

**10.07 शैक्षिक सत्र 2019–20 हेतु विश्वविद्यालय में आबद्ध अतिथि व्याख्याताओं की कार्य अवधि समाप्त हो जाने के फलस्वरुप कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 08/06/2020 से सत्र की समाप्ति तक आन लाईन पठन–पाठन आदि कार्यों हेतु उनकी आबद्धता विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने शैक्षिक सत्र 2019–20 हेतु विश्वविद्यालय में आबद्ध अतिथि व्याख्याताओं की कार्य अवधि समाप्त हो जाने के फलस्वरुप कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 08/06/2020 से सत्र की समाप्ति तक आन लाईन पठन–पाठन आदि कार्यों हेतु उनकी आबद्धता विस्तारित किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**10.08 विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट विभाग के द्वारा शैक्षिक सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 में छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराये गये रोजगार सम्बन्धी वार्षिक प्रगति आख्या के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने शैक्षिक सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 में छात्र/छात्राओं के सेवायोजन सम्बन्धी वार्षिक प्रगति आख्या को संज्ञान में लिया।

**10.09 विश्वविद्यालय में स्थापित इनोवेशन/इन्क्यूवेशन हब द्वारा किये गये कार्यों के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने इनोवेशन/इन्क्यूवेशन हब द्वारा किये गये कार्यों को संज्ञान में लिया।

**10.10 कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019–20 एवं 2020–21 में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु टाइम टेबल एवं कक्षाओं की व्यवस्था एवं छात्रावास आवंटन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर की गयी व्यवस्था के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019–20 एवं 2020–21 में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु टाइम टेबल एवं कक्षाओं की व्यवस्था एवं छात्रावास आवंटन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर की गयी व्यवस्था को संज्ञान में लिया और निर्देश दिये कि उक्त का कडाई से अनुपालन किया जाय।

**10.11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**10.11.01 विश्वविद्यालय में सीधी भर्ती के शैक्षिक पदों पर आरक्षण रोस्टर को लागू किये जाने पर विचार।**

परिषद् ने अपनी 7वीं बैठक में मद 7.14.04 में लिये गये पूर्व निर्णय के स्थान पर विश्वविद्यालय में सीधी भर्ती के शैक्षिक पदों पर आरक्षण रोस्टर सम्बन्धी प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 के शासनादेश सं0 514/सोलह–1–2020–134/94 टी0सी0 दिनांक 16 मार्च, 2020 के कम में डा0ए0पी0जे0अ0कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पत्रांक वी0सी0ओ0/कुप0का0/2020/10871 दिनांक 16/06/2020 से जारी व्यवस्था को अंगीकृत किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

**10.11.02 विश्वविद्यालय में कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत आउटसोर्स द्वारा कर्मियों की सेवायें लिये जाने पर विचार।**

परिषद् ने यू0पी0एल0सी0, लखनऊ के पत्रांक UPLC:Manpower:2020-21-4427 दिनांक 01.05.2020 तथा इसी सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ अन्तिम निर्णय हेतु विचाराधीन वाद संख्या 31208/2019 में पारित आदेशों एवं मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा जारी शासनादेश सं0 23/2020/279/18–2–2020–97(ल0उ0)/2016 दिनांक 19 जून 2020 को संज्ञान में लिया। सम्यक विचारोपरान्त परिषद् ने निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय कार्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वर्तमान आउट सोर्सिंग व्यवस्था को यू0पी0एल0सी0, लखनऊ के माध्यम से दिनांक 30 जुलाई, 2020 तक बनाये रखा जाय। यदि यू0पी0एल0सी0, लखनऊ द्वारा कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो सम्बन्धित वेण्डर को उसके कमीशन सहित सीधे भुगतान कर दिनांक 30 जुलाई, 2020 तक कार्य आवश्यकताओं की पूर्ति की जाय और शीर्ष प्राथमिकता पर दिनांक 30 जुलाई, 2020 से पूर्व भारत सरकार के GeM पोर्टल से सम्बन्धित सेवा प्राप्त करने हेतु सेवा प्रदाता को आबद्ध किया जाय।

**10.11.03 विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में पेन्डेमिक अध्यादेश लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने वर्तमान में परिस्थिति विशेष कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में पेन्डेमिक अध्यादेश (Extraordinary Ordinance) लागू किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**10.11.04 विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों को विभागों की आवश्यकता को दृष्टिगत तथा छात्रहित में अतिथि व्याख्याता के स्थान पर सम्मानित पदनाम से पुनः आबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों को अतिथि व्याख्याता के स्थान पर विजिटिंग प्रोफेसर पद नाम से सम्बोधित किये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की तथापि पारिश्रमिक भुगतान के सम्बन्ध में अतिथि व्याख्याता हेतु जारी शासनादेश उनपर लागू रहेंगे। साथ ही निर्देश दिये कि जो सेवानिवृत्त शिक्षक जॉच इत्यादि से आच्छादित रहें है उनका चयन न किया जाय।

उक्त के अतिरिक्त परिषद् द्वारा निम्न निर्देश प्रदान किये गये:

1. परिषद् ने निर्देश दिये कि रिक्त पदों के सापेक्ष तत्काल विज्ञापन कराते हुये 03 माह में सीधी भर्ती एवं कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम से शिक्षकों को प्रोन्नति हेतु कार्यवाही की जाय।
2. परिषद् ने निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय की विभिन्न परिषदों/समितियों की बैठक के प्रतिभागियों को पूर्व की भॉति सिटिंग चार्जेज एवं वीडियो कान्फेन्सिंग डाटा व्यय हेतु रू0 100/– का भुगतान भी किया जाय। जिसके समस्त विवरण का सत्यापन सम्बन्धित सचिव/सदस्य सचिव द्वारा किया जायेगा।

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

(डा0 नीरज कुमार सिंह)
सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner